Department of Environment & Conservation

पर्यावरण और संरक्षण विभाग

टेनेसी भूमिगत भंडारण टैंक स्वामी

त्वरित संदर्भ निर्देशिका

यह क्यों मायने रखता है

भूमिगत भंडारण टैंक्स (डिवीज़न) का डिवीज़न टेनेसी फ्यूल एंड कन्वीनियएंस स्टोर एसोसिएशन ने आपसी सहयोग से इस टैंक स्वामी त्वरित संदर्भ निर्देशिका को आपको यह समझने में सहायता करने के लिए विकसित किया है कि टेनेसी में भूमिगत भूमिगत भंडारण टैंक (UST) फेसिलिटी को सही तरीके से ऑपरेट करने की न्यूनतम जरूरतें क्या हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन निम्न तक सीमित नहीं है:

- फीस व पंजीकरण
- ऑपरेटर प्रशिक्षण
- टैकों में मासिक रिलीज़ जांच
- पाइपिंग के लिए रिलीज़ जांच
- जंग से सुरक्षा
- स्पिल व ओवरफिल रोकथाम
- मोटर ईंधन डिस्पेंसर
- टैंक और/या पाइपिंग क्लोज़र
- रिकॉर्डकीपिंग
- रिपोर्टिंग

यदि आप इन विनियमों का पालन करें तो आपको फंड कवरेज मिल सकती है; डिलेवरी हासिल करना जारी कर सकते हैं; आपके ग्राहकों, कर्मचारियों व आपके समुदायों की सुरक्षा कर सकते हैं; और दंड के भुगतान से बच सकते हैं। साथ ही, अपने उपकरणों की मासिक जांच से आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ईंधन की हानि ना हो, जो कि एक सर्वश्रेष्ठ व्यापार अभ्यास है।

किसी स्वामी के लिए वित्तीय उत्तरदायित्व को बनाए रखना भी जरूरी होता है। इसका यह अर्थ है कि यदि ईंधन का कोई रिलीज़ हो तो जांच और क्लीनअप सुनिश्चित करना स्वामी का उत्तरदायित्व है। यह बहुत खर्चीला **हो सकता है**।

टेनेसी भाग्यशाली है कि उसके पास एक राज्य निधि है जो उन स्वामियों की लागत में सहायता के लिए उपलब्ध है जो ईंधन रिलीज़ के क्लीनअप से जुड़ी हैं। ऐसे अनेक उत्तरदायित्व हैं जिनको स्वामी को निभाना चाहिए, जिससे कि इस निधि तक पहुंच का सबसे अच्छा अवसर हासिल हो:

- सही तरीके से पंजीकृत होना और फीस का भुगतान करना
- अनुपालन करना
- लागू समय सीमा तक निधि अर्हता के लिए आवेदन फाइल करना

निधि अर्हता और निधि कवरेज महत्वपूर्ण और जटिल विषय हैं और यह महत्वपूर्ण है कि आप इस प्रक्रिया को समझें। यदि आपके पास सवाल हों तो डिवीज़न से निसंकोच संपर्क करें क्योंकि हम चाहते हैं कि आप यह लाभ हासिल करने में सक्षम हों। अतिरिक्त जानकारी के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें।

यह दस्तावेज टेनेसी कानून व विनियमों का विकल्प नहीं है और ना ही अपने आप में कानून या विनियम हैं। कानून व विनियमों की व्यापक और पूरी समझ के लिए, कृपया टेनेसी पेट्रोलियम अंडरग्राउंड स्टोरेज टैंक ऐक्ट टी.सी.ए. का संदर्भ लें। 68-215-101, नियम, अध्याय 0400- 18-01 और अतिरिक्त जानकारी को टैक ऑपरेटर मैनुअल और मानकीकृत निरीक्षण मैनुअल में प्रदान किया गया है। इन दस्तावेजों को डिवीज़न वेबसाइट के माध्यम से देखा जा सकता है:

http://www.tn.gov/environment/underground-storage-tanks/

क्या आपने आज अपने टैंक की जांच की?

निरीक्षण और बनाए रखें

यदि इस संदर्भ निर्देशिका या विनियामक जरूरतों के संबंध में कोई सवाल हों तो आपका सबसे अच्छा स्रोत अंतिम पेज के मैप पर दिए गए क्षेत्रीय फील्ड ऑफिसों में से एक है। डिवीज़न स्टाफ को आपकी सहायता करके खुशी मिलेगी।

फीस/पंजीकरण

- आपको जरूरी वार्षिक फीस का भुगतान करना चाहिए जो कि $125 प्रति टैंक/कंपार्टमेंट है।
- UST प्रणाली को स्थापित करते समय, आपको एक स्थापना से 15 दिन पहले प्री-इंस्टालेशन सूचना फार्म सबमिट करना चाहिए व फीस का भुगतान करना चाहिए।
- अपनी UST प्रणाली, फेसिलिटी जानकारी या स्वामी/ऑपरेटर जानकारी में कोई बदलाव होने पर उसे बदलाव के 30 दिनों में डिवीजन को रिपोर्ट करना चाहिए।

यदि आपने फीस का भुगतान नहीं किया है या कोई उल्लंघन किया है जिससे अंतिम आदेश पैदा हुआ है तो आपके टैंक को लाल टैग किया जा सकता है।

डिलेवर ना करें

कोई डिलेवरी जो T.C.A. 68-215-106(e) का उल्लंघन करती है 68-215-106(e)

इस डिलेवरी के कारण $100,000 तक का फाइन हो सकता है
T.C.A. 68-215-121

अनाधिकृत रूप से टैग को निकाला जाना क्लास सी अपराध है

यदि यह होता है तो तब तक, इस टैग को हटाएं नहीं, जब तक कि आपको डिवीजन निदेशक से इसे हटाने की अनुमति का लिखित पत्र ना मिल जाए। पहले से हटाए जाने से क्लास सी दुर्व्यवहार दंड लग सकता है। अधिक

जानकारी के लिए, अपने स्थानीय फील्ड ऑफिस से संपर्क करें या

Http://www.tn.gov/environment/underground- पर जाएं storage-tanks

ऑपरेटर प्रशिक्षण

आपको अपनी फेसिलिटी को रजिस्टर कराना चाहिए और ऑपरेटर ट्रेनिंग को टेनेसी टैंक हेल्पर वेबसाइट पर पूरा करना चाहिए:

https://apps.tn.gov/ustop/

यदि आपको सहायता चाहिए तो डिवीजन को ऐसा करके खुशी होगी। कृपया अंतिम पेज पर नक्शे पर सूचीबद्ध फोन नम्बरों का संदर्भ लें।

याद रखें कि यदि आपकी फेसिलिटी के ऑपरेटर बदलें तो आपको **30 दिनों के अंदर** नए नियुक्त करने चाहिए।

ऑपरेटर प्रशिक्षण के लिए अगस्त 2007 EPA अनुदान दिशानिर्देश नीचे दी गयी तालिका में प्रत्येक ऑपरेटर स्तर के सामान्य विवरण शामिल होते हैं (स्वामी हर स्तर के लिए जरूरतों को पूरा कर सकता है)।

	क्लास ए ऑपरेटर	क्लास बी ऑपरेटर	क्लास सी ऑपरेटर
कौन इस क्लास के ऑपरेटर में फिट होता है?	वह व्यक्ति जो आम तौर पर UST सिस्टम को ऑपरेट करने व रखरखाव करने से संबंधित वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं पर फोकस करता है।	वह व्यक्ति जो आम तौर पर लागू UST विनियामक आवश्यकताओं को फील्ड में लागू करने के लिएउत्तरदायी होता है और एक या अधिक फेसिलटी पर USTs के लिए आपरेटिंग, रखरखाव व रिकॉर्डकीपिंग के दैनिक पहलुओं को लागू करता है	वह व्यक्ति जो आम तौर पर आपातस्थिति परिस्थितियों या अलार्म को प्रतिक्रिया देने के लिए पहली पंक्ति होता है।

टैंकों में मासिक रिलीज़ जांच

- टैंकों में किसी ना किसी तरह का रिलीज़ जांच होना चाहिए, जो निम्नलिखित विकल्पों में से एक हो सकता है: स्वचालित टैंक गेजिंग, मैनुअल टैंक गेजिंग, स्टैटिस्टिकल्स इन्वेंट्री रीकंसीलिएशन या मध्यवर्ती निगरानी।

मध्यवर्ती निगरानी को 24 **जुलाई** 2007 **के बाद स्थापित सभी टैंकों के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।**

- अतिरिक्त जानकारी के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें।

पाइपिंग के लिए रिलीज़ जांच

- दाबीकृत पाइपिंग के लिए दो प्रकार की रिलीज़ जांच होनी चाहिए: मासिक (छोटा रिसाव) और कैटोस्ट्रॉफिक (बड़ा रिसाव)।

मध्यवर्ती निगरानी को 24 जुलाई 2007 के बाद स्थापित सभी दाबीकृत पाइपिंग के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

- सक्शन पाइपिंग के लिए रिलीज़ जांच की जरूरत हो सकती है।

- अतिरिक्त जानकारी के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें।

जंग से सुरक्षा

- भूमिगत स्टील टैंक तथा पाइपिंग को संक्षारण (जंग) से बचाया जाना चाहिए। इसमें वे धात्विक घटक शामिल हैं जो स्थिर पानी के साथ संपर्क में हैं और साथ ही जमीन के भी।

- कैथोडिक सुरक्षा प्रणालियों को सही तरीके से ऑपरेट व हर तीन साल पर परीक्षित किया जाना चाहिए।
- अतिरिक्त जानकारी के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें।

उपयुक्त संक्षारण सुरक्षा के बिना, रिलीज़ हो सकती है।

स्पिल व ओवरफिल रोकथाम

- स्पिल बकेट्स को उन सभी टैंकों पर स्थापित किया जाना चाहिए एक डिलेवरी में 25 गैलन से अधिक प्राप्त करते हैं। स्पिल बकेट को डिलेवरी के दौरान ईंधन की छोटी मात्राएं रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- तरल, डेबरी या क्षति के लिए आपको हर माह स्पिल बकेट का निरीक्षण करना चाहिए, और इन निरीक्षणों का लॉग रखना चाहिए।
- ओवरफिल सुरक्षा को उन सभी टैंकों पर स्थापित किया जाना चाहिए एक डिलेवरी में 25 गैलन से अधिक प्राप्त करते हैं। ओवरफिल सुरक्षा के अनेक प्रकार हैं। आपके पास के प्रकार के निर्धारण के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें।

कृपया अपनी स्पिल बकेट से ईंधन/पानी/डेबरी को खाली करना याद रखें।

मोटर ईंधन डिस्पेंसर

- किसी टपकाव या रिसाव के लिए डिस्पेंसरों का तिमाही निरीक्षण किया जाना चाहिए, और इस निरीक्षण का लॉग रखा जाना चाहिए।

कृपया ध्यान दें कि दूसरी एजेंसियां जिनमें कृषि विभाग, और स्थानीय या राज्य वायु प्रदूषण अधिकारी शामिल हैं, डिस्पेंसर ऑपरेशन के लिए विनियामक जरूरतें होती हैं। यदि आपको सहायता चाहिए तो कृपया स्मॉल बिजनेस असिस्टेंस से (615) 532-8013 या 1-800-734-3619 पर संपर्क करें।

कृपया अपने डिस्पेंसर संप से ईंधन/पानी/डेबरी को

खाली करना याद रखें।

टैंक और/या पाइपिंग क्लोज़र

और यदि आप अपने टैंक और/या पाइपिंग को बंद करने की योजना बनाते हैं तो **"भूमिगत भंडारण टैंक्स की स्थायी बंदी के लिए आवेदन"** फार्म CN-0928 को पूरा करें और मूल्यांकन व अनुमोदन के लिए लागू फील्ड ऑफिस को पेश करें। एक बार

जब आवेदन अनुमोदित हो जाए तो आप इसे निकाल या बंद कर सकते हैं। कृपया याद रखें कि एक बार टैंक को हटा दिया जाए तो जरूरतों को पूरा करने के लिए आपको एक "भूमिगत भंडारण टैंक्स के लिए सूचना" फार्म CN-1260 "बंदी" चिह्नित को सबमिट करना है। अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया जाएं

http://www.tn.gov/environment/undergroun d-storage-tanks/tanks_closing.shtml

रिकॉर्डकीपिंग

आपको निम्नलिखित रिकॉर्ड अवश्य रखने चाहिए (विशिष्ट जरूरतों के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल का संदर्भ लें)।

- रिलीज़ जांच
- संक्षारण सुरक्षा
- मरम्मत/रीप्लेसमेंट, यदि लागू हो
- स्पिल बकेट/डिस्पेंसर लॉग
- स्थापना रिकॉर्ड्स, यदि लागू हो
- बंदी रिकॉर्ड्स, यदि लागू हो

इन अने रिकॉर्डों में से अनेक के लिए डिवीज़न ने फाइल करने योग्य फार्म, डिवीज़न वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:

http://www.tn.gov/environment/undergroun d-storage-tanks/tanks_forms.shtml

रिपोर्टिंग

अपनी UST प्रणाली, फेसिलिटी जानकारी या स्वामी/ऑपरेटर जानकारी में कोई बदलाव होने पर उसे बदलाव के 30 दिनों में डिवीजन को रिपोर्ट करना चाहिए।

किसी संदेहास्पद या पुष्ट रिलीज़ को आपको डिवीज़न को 72 घंटों के अंदर रिपोर्ट करना चाहिए। संदेहास्पद/पुष्ट रिलीज़ के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए टैंक ऑपरेटर मैनुअल को देखें।

टैंक स्कूल

यह डिवीज़न एक मुफ्त क्लासरूप प्रशिक्षण पेश करता है जो विशेष रूप से नए टैंक स्वामियों के लिए लाभदायक है। डिवीज़न निरीक्षक ट्रेनिंग आयोजित करते हैं और समझाते हैं कि अनुपालन निरीक्षण की तैयारी और अपनी फेसिलिटी को विनियमों के साथ अनुपालन में रखने के लिए क्या करना है। फेसिलिटी निरीक्षण हर तीन साल या कम समय पर होते हैं और नई फेसिलिटी को परिचालन के पहले साल में निरीक्षित किया जा सकता है। डिवीज़न के वेबपेज पर जाएं:

http://www.state.tn.us/environment/underground-storage-tanks/

और दाहिनी ओर स्थित "टैंक स्कूल" पर क्लिक करें। आप निर्धारित क्लासों और इस मुफ्त निर्देश के लिए आप किस तरह से साइन करे ये देखते हैं। अधिक जानकारी के लिए, अपने स्थानीय फील्ड ऑफिस से संपर्क करें।

सारांश

USTs के स्वामित्व में टैंक(कों) में ईंधन रखने और ईंधन बेचने से अधिक की बात शामिल है। इसके लिए उपकरण को ऑपरेट करने व रखरखाव करने का तथा रिकॉर्ड को सही तरीके से रखने का ज्ञान चाहिए होता है। गैर-अनुपालन से फंड-कवरेज और/या दंड के माध्यम से महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव पड़ सकता है। यदि आपके पास कभी भी अतिरिक्त सवाल हों तो डिवीज़न को फोन करने में झिझकें नहीं। हम आपकी सहायता करने के लिए उत्सुक हैं।

पर्यावरण फील्ड ऑफिस

tn.gov/environment/field-offices.shtml

भूमिगत भंडारण टैंक डिवीजन
312 Rosa L. Parks Blvd.
12th Floor
Nashville, TN 37243

Nashville
711 R.S. Gass Boulevard
Nashville, Tennessee 37243
फोन: (615) 687-7000

Cookeville
1221 South Willow Avenue
Cookeville, Tennessee 38506
फोन: (931) 432-4015

Johnson City
2305 Silverdale Road
Johnson City, Tennessee 37601
फोन: (423) 854-5400



Knoxville
3711 Middlebrook Pike
Knoxville, Tennessee 37921
फोन: (865) 594-6035

Jackson
1625 Hollywood Drive
Jackson, Tennessee 38305
फोन: (731) 512-1300

Chattanooga
1301 Riverfront Parkway, Suite 206
Chattanooga, Tennessee 37402
फोन: (423) 634-5745

Memphis
8383 Wolf Lake Drive
Bartlett, Tennessee 38133
फोन: (901) 371-3000

Columbia
1421 Hampshire Pike
Columbia, Tennessee 38401
फोन: (931) 380-3371

TN पर्यावरण और संरक्षण विभाग